# हार्दिक पंड्या की मुंबई इंडियंस कैंप में वापसी, जमकर कर रहे तैयारी



नई दिल्ली

आईपीएल 2024 की तैयारी मुंबई इंडियंस ने शुरू कर दी है। नए कप्तान हार्दिक पंड्या भी टीम के साथ जुड़ गए हैं। मुंबई के कैंप में वापसी का वीडियो खुद टीम के आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया गया है। हालांकि, फैंस अभी भी मुंबई इंडियंस से नाराज हैं, क्योंकि टीम को पांच बार चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा को फ्रेंचाइजी ने कप्तानी से हटाकर पंड्या को कप्तानी सौंपी। इसीलिए हार्दिक पंड्या की एमआई में वापसी से कई फैंस नाराज हैं।

हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप 2023 के बाद एक भी प्रोफेशनल मैच नहीं खेले हैं। वे सीधे आईपीएल खेलते नजर आएंगे। हालांकि, वे कुछ समय पहले मुंबई में ही एक लोकल टी20 टूर्नामेंट में खेले थे। उसके बाद साफ हो गया था कि वे एंकल इंजरी से उबर चुके हैं, क्योंकि बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी भी करते नजर आए थे। मुंबई इंडियंस के लिए भी ये यही काम करने वाले हैं। वे मध्य क्रम में खेलेंगे और हर मैच में गेंदबाजी भी करते नजर आएंगे, क्योंकि गुजरात के लिए वे ऐसा कर चुके हैं। वहीं, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को लेकर मुंबई इंडियंस ने वीडियो शेयर किया है। उसमें वे टीम के ड्रेसिंग रूम में जाते हैं और वहां छोटे से मंदिर में माल्यार्पण करते हैं और भोग लगाते हैं। टीम के हेड कोच मार्क बाउचर नारियल फोड़ रहे हैं। हार्दिक पंड्या ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। इस दौरान उन्होंने बल्लेबाजी की।

# पंत को बीसीसीआई ने फिट घोषित किया

## कहा- आईपीएल में विकेटकीपिंग और बैटिंग के लिए तैयार ऋषभ; शमी-प्रसिद्ध टूर्नामेंट से बाहर

दिल्ली कैपिटल्स के ऋषभ पंत ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। उन्हें बीसीसीआई ने फिट घोषित किया। बीसीसीआई ने ही बताया कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव आईपीएल के शुरुआती 2 मैच नहीं खेल सकेंगे। वह अब तक सर्जरी कराने के बाद रिकवर नहीं हो सके हैं।

### पंत आईपीएल के लिए फिट- बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऋषभ पंत, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद शमी की इंजरी पर अपडेट दिया। बोर्ड ने बताया, 14 महीने के लम्बे रिहैब और रिकवरी प्रोसेस के बाद ऋषभ पंत अब विकेटकीपिंग और बैटिंग करने के लिए फिट हैं। वह आईपीएल 2024 में हिस्सा ले सकते हैं।

### शमी और प्रसिद्ध टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे

बोर्ड ने कहा कि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद शमी फिलहाल इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं। दोनों ही खिलाड़ी आईपीएल में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। प्रसिद्ध ने 23 फरवरी को सर्जरी कराई। दूसरी ओर शमी ने भी फरवरी के आखिरी सप्ताह में ही सर्जरी करवाई। दोनों को फिट होने में सितंबर तक का समय लग जाएगा।

### सूर्यकुमार साउथ अफ्रीका में हुए थे इंजर्ड

सूर्यकुमार यादव आखिरी बार दिसंबर 2023 में भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते नजर आए थे। यहां साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने टी-20 में टीम इंडिया की कप्तानी की थी। इसी दौरान वे फील्डिंग के दौरान गेंद रोकने की कोशिश में इंजर्ड हो गए। सूर्या को पैर में चोट लगी थी, जिसका इलाज कराने के लिए वे भारत लौटे। उन्होंने हर्निया की सर्जरी कराई और फिर एनसीए में रिहैब शुरू कर दिया। एनसीए से उनके अब तक फिट होने की जानकारी नहीं मिली है।

### अप्रैल में कर सकते हैं वापसी

सर्जरी के कारण सूर्यकुमार की वापसी अब तक कन्फर्म नहीं हो सकी है। दिसंबर में इंजर्ड होने के बाद से वे एनसीए में रिकवरी कर रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट अनुसार सूर्यकुमार मुंबई इंडियंस के लिए शुरुआती 2 मैच नहीं खेल सकेंगे। आईपीएल का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। मुंबई अपना पहला मैच 24 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। टीम दूसरे मैच में 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। दोनों में ही सूर्या का खेलना मुश्किल है। रिपोर्ट्स के अनुसार सूर्यकुमार अप्रैल में खेल के मैदान पर वापसी कर सकते हैं। एक अप्रैल को मुंबई इंडियंस लीग स्टेज के अपने तीसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। इसी मैच में सूर्या खेलते नजर आ सकते हैं।

### रिकवरी की तस्वीरें शेयर कर रहे सूर्या

सूर्यकुमार यादव ने इंजरी के बाद अपने खेलने के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं किए। वे अपनी रिकवरी और ट्रेनिंग की तस्वीरें ही शेयर कर रहे हैं। ऐसा माना जा सकता है कि उन्होंने अब तक फुल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और बैटिंग शुरू नहीं की है।




### 3 हजार से ज्यादा आईपीएल रन बना चुके हैं सूर्यकुमार

सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस से ही आईपीएल खेलने की शुरुआत की। उन्हें फिर कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा, यहां अच्छा प्रदर्शन करने के बाद उन्हें फिर मुंबई ने ऑक्शन में खरीद लिया। मुंबई से ही उनका क्रिकेट करियर तेजी से बढ़ा। उन्होंने टीम इंडिया में जगह बनाई और 4 इंटरनेशनल सेंचुरी लगाईं। इसके साथ ही वे आईसीसी टी-20 बैटर्स रैंकिंग में नंबर-1 बन गए। 139 आईपीएल मैचों में सूर्या के नाम 143.32 की स्ट्राइक रेट से 3,249 रन हैं। उन्होंने आईपीएल में एक शतक और 21 फिफ्टी लगाई हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट के 60 मैचों में सूर्या ने 171.55 की स्ट्राइक रेट से 2141 रन बनाए हैं। इनमें 4 सेंचुरी और 17 फिफ्टी शामिल हैं। सूर्यकुमार ने भारत के लिए 37 वनडे और एक टेस्ट भी खेला है।

### 22 मार्च से शुरू होगा आईपीएल का मौजूदा सीजन

इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू होगा। पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई के चेपॉक मैदान पर खेला जाएगा। दिल्ली अपना पहला मैच पंजाब के खिलाफ 23 मार्च को मोहाली में खेलेगी।

# भारत के खिलाफ भी ओपनिंग करेंगे स्मिथ

## कोच बोले- रन बनाना जानते हैं स्टीव; 4 टेस्ट में एक फिफ्टी लगा सके पूर्व कप्तान

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ पिछले 2 महीने से टेस्ट में ओपनिंग कर रहे हैं। वह 8 पारियों में एक ही फिफ्टी लगा सके हैं, जिस कारण दिग्गज खिलाड़ी उन्हें इस पोजिशन से हटाए जाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, टीम के कोच एंड्रयू मैक्डॉनाल्ड ने उनकी ओपनिंग का बचाव किया। मैक्डॉनाल्ड ने कहा कि स्टीव स्मिथ रन बनाना जानते हैं और वह भारत के खिलाफ साल की आखिरी सीरीज में भी ओपनिंग करेंगे।

### भारत के खिलाफ खेलना स्मिथ के लिए मोटिवेशन

मैक्डॉनाल्ड ने कहा, भारत के खिलाफ खेलना चैलेंजिंग होगा, लेकिन स्मिथ इस टीम के खिलाफ बहुत रन बनाते हैं। इसलिए वह ओपनिंग से ही उन पर दबाव बनाने के मोटिवेशन के साथ खेलेंगे। स्मिथ ने खुद वॉर्नर (डेविड) के रिटायरमेंट के बाद ओपनिंग की इच्छा जताई थी। अब वह इस पोजिशन पर खेलने भी लगे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर ने इसी साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज से रिटायरमेंट लिया था। उनके बाद स्टीव स्मिथ ने उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करना शुरू कर दिया। हालांकि, वह 8 पारियों में एक फिफ्टी ही लगा सके। इस दौरान उन्होंने 12, 11, 6, 91*, 31, 0, 11 और 9 रन के स्कोर बनाए।

### कोच बोले- स्मिथ के लिए नया चैलेंज, उन्हें समय देना जरूरी

मैक्डॉनाल्ड ने कहा, टेस्ट में ओपनिंग करना स्मिथ के लिए नया चैलेंज है। वह अपनी गलतियों पर काम करेंगे। अगर हम किसी नए ओपनर को भी मौका दें तो उसे 4 टेस्ट तो खिलाने ही पड़ेंगे। स्मिथ के लिए तो हम थोड़े ज्यादा मौके दे ही सकते हैं।

भविष्य में बदलाव हो सकते हैं, लेकिन फिलहाल टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2-0 से टेस्ट सीरीज जीती है। टीम ने पिछले 12 में से 8 टेस्ट जीते हैं। जिनमें से 4 इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में रहे। किसी भी टीम के लिए हमारी टीम को हराना मुश्किल है, इसलिए हम इसी कॉम्बिनेशन के साथ भारत के लिए भी तैयार हैं।

### भारत के खिलाफ 10 साल से नहीं जीता ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया टीम ने भारत के खिलाफ आखिरी बार 2014-15 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ही टेस्ट सीरीज जीती थी। तब से टीम को 4 टेस्ट की चार सीरीज 2-1 के अंतर से गंवानी पड़ गई। इनमें से 2 तो कंगारू टीम ने अपने घर पर ही गंवाईं। दोनों के बीच आखिरी सीरीज 2023 में भारत में हुई, इसे भी भारत ने 2-1 से जीता। अब इसी साल नवंबर में दोनों के बीच 5 टेस्ट की सीरीज शुरू होगी। जो जनवरी तक चलेगी।

### वर्ल्ड कप में कप्तानी करेंगे मिचेल मार्श

ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैक्डॉनाल्ड ने कन्फर्म किया कि मिचेल मार्श ही टी-20 वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श ने पिछले साल सितंबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार टीम की कप्तानी की थी। तब से पैट कमिंस की मौजूदगी के बावजूद मार्श ने ही कमान संभाली।

अब कोच मैक्डॉनाल्ड ने कहा, मार्श ही टी-20 वर्ल्ड कप में टीम के बेस्ट कप्तान रहेंगे। ऐरन फिंच के बाद उन्होंने टीम को बेहतरीन तरीके से संभाला। सारी चीजें समझने के बाद मार्श ही वर्ल्ड कप में कप्तानी करते नजर आ रहे हैं।

2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से शुरू होगा। 20 टीमों के बीच 55 मुकाबले अमेरिका और वेस्टइंडीज के 9 स्टेडियम में 29 दिन तक खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 6 जून को ओमान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा।




### पोंटिंग बोले- टी-20 वर्ल्ड कप भी खेलेंगे स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी स्टीव स्मिथ का बचाव किया। उन्होंने कहा कि स्मिथ जैसे अनुभवी प्लेयर्स तो किसी भी वर्ल्ड कप टीम में होने ही चाहिए। वर्ल्ड कप जैसे टूर्नामेंट में स्मिथ जैसे खिलाड़ी टीम को प्रेशर सिचुएशन में संभाल कर रखते हैं। हालांकि, पोंटिंग ने कहा कि स्मिथ स्क्वॉड में तो रहेंगे, लेकिन उनका प्लेइंग-11 में शामिल होना मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया टीम जिस तरह से टी-20 फॉर्मेट में खेल रही है, यहां स्मिथ का हर मुकाबले की प्लेइंग-11 में शामिल होना मुश्किल है।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर हो सकते हैं विराट कोहली, आईपीएल 2024 साबित होगी लाइफलाइन




आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 30 अप्रैल तक सभी टीमों का ऐलान हो जाएगा। बीसीसीआई को भी अपनी टीम अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के पहले सप्ताह में फाइनल करनी होगी। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली को स्क्वॉड से बाहर रखा जा सकता है। इसके पीछे का कारण बताया जा रहा है कि वेस्टइंडीज और यूएसए में विकेट धीमे होंगे। ऐसे में उनकी बल्लेबाजी स्टाइल से भारत को फायदा नहीं होगा। हालांकि, एक लाइफलाइन कोहली के पास आईपीएल 2024 है, जिसमें वो बेहतरीन प्रदर्शन करके खुद की जगह बचा सकते हैं। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के लिए विराट कोहली को आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। चयनकर्ता कोहली को टी20 वर्ल्ड कप के लिए चुनने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि प्रबंधन का मानना है कि अनुभवी खिलाड़ी सबसे छोटे प्रारूप में टीम की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहे हैं। कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद से कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। वे रोहित शर्मा के साथ अफगानिस्तान टी20 सीरीज में खेले थे, लेकिन ज्यादा सफल नहीं हो पाए थे। दो ही मैच उन्होंने खेले थे।

वहीं बोर्ड के सचिव जय शाह ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए रोहित शर्मा को कप्तान बनाए जाने की पुष्टि की है। हालांकि, जब उनसे विराट कोहली के टी20 भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। रिपोर्ट में कहागया है कि बोर्ड ने कोहली के चयन की गुत्थी मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर पर छोड़ दी है। ये बहुत नाजुक मामला है। ऐसे में लोग इसमें शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं।

# गुजरात की जीत से डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ की रेस रोमांचक

## यूपी को 8 रन से हराया; मूनी का अर्धशतक, शबनम ने लिए 3 विकेट

नई दिल्ली।

गुजरात जायंट्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में यूपी वॉरियर्स पर 8 रन की जीत हासिल की है। इस जीत टीम ने प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। गुजरात का आखिरी मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से 13 मार्च को होगा। अरुण जेटली मैदान पर गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 144 रन ही बना सकी। शबनम शकील को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 11 रन देकर 3 विकेट लिए।




### रोमांचक मोड़ पर प्लेऑफ की रेस

गुजरात की जीत से विमेंस प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन की प्लेऑफ रेस रोमांचक मोड़ पर है। मौजूदा स्थिति में तीनों टीमों के पास प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के मौके हैं। दिल्ली और मुंबई पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। ऐसे में बेंगलुरु, गुजरात और यूपी के बीच एक स्थान के लिए रेस है। बेंगलुरु को आखिरी मैच जीतना होगा बेंगलुरु के पास 6 अंक हैं। टीम को आखिरी मुकाबला मुंबई से खेलना है। यदि बेंगलुरु मंगलवार को मुंबई से होने वाला मैच जीत लेती है, तो प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। इस स्थिति में यूपी और गुजरात बाहर हो जाएंगी। यदि बेंगलुरु हारती है, तो यूपी और गुजरात की उम्मीदें कायम रहेंगी, क्योंकि यूपी के पास भी 6 अंक हैं और गुजरात अपना आखिरी मैच जीतकर 6 अंक तक पहुंच सकती है। यूपी के लिए बेंगलुरु और गुजरात का हारना जरूरी यूपी की टीम चाहेगी कि बेंगलुरु और गुजरात की टीमें अपने-अपने आखिरी मुकाबले बड़े अंतर से हार जाएं और उनका रन रेट यूपी से कम हो। बेंगलुरु की हार के साथ गुजरात को बड़े अंतर से जीतना होगा गुजरात की टीम प्रार्थना करेगी कि बेंगलुरु की टीम अपने आखिरी मुकाबले में मुंबई से हार जाए। ऐसे में गुजरात को 13 मार्च को दिल्ली के खिलाफ बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी।

### दीप्ति शर्मा की अर्धशतकीय पारी, लेकिन टीम हारी

153 रन का टारगेट चेज करने उतरी यूपी की टीम ने शुरुआती विकेट जल्दी गंवा दिए। एक समय टीम का स्कोर 35/5 रहा। ऐसे में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने पूनम खेमनार के साथ मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 78 बॉल पर नाबाद 109 रन की साझेदारी हुई। दीप्ति शर्मा ने लगातार तीसरी हाफ सेंचुरी जमाई। वे इस लीग में ऐसा करने वाली पहली भारतीय बल्लेबाज बनीं। उन्होंने 60 बॉल पर नाबाद 88 रन बनाए। खेमनार ने 36 बॉल पर 36 रन का योगदान दिया।

# राशिद खान वापसी के लिए तैयार

## आयरलैंड के खिलाफ कप्तानी करेंगे, आईपीएल भी खेलेंगे

### वनडे वर्ल्ड कप में हुए थे इंजर्ड

अफगानिस्तान के टी-20 कप्तान राशिद खान इंजरी से रिकवरी करने के बाद वापसी के लिए तैयार हैं। वह आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में खेलते नजर आएंगे। सीरीज का पहला मुकाबला 15 मार्च को खेला जाएगा। लेग स्पिन ऑलराउंडर राशिद पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के दौरान इंजर्ड हो गए थे। टूर्नामेंट के बाद उन्होंने सर्जरी कराई, जिस कारण वह 3 महीने तक क्रिकेट नहीं खेल सके। अब वह आयरलैंड के खिलाफ कप्तानी करेंगे और आईपीएल भी खेलेंगे।

### राशिद बोले- पिछले 3 महीने मुश्किल में बीते

राशिद खान ने वीडीओ को दिए इंटरव्यू में कहा, देश के लिए अगली सीरीज (आयरलैंड के खिलाफ टी-20) में खेलने का प्लान है। पिछले 2 दिनों से ट्रेनिंग ठीक रही, मुझे ज्यादा दिक्कत नहीं आई। उम्मीद है कि जल्द ही नेशनल टीम की जर्सी पहनकर मैदान में उतरूंगा। रिहैब के दौरान पिछले 3 महीने मुश्किल रहे। रिकवर करने में उम्मीद से ज्यादा टाइम लग गया। मैं पिछले 7-8 महीने से पीठ में दर्द से जूझ रहा हूं। डॉक्टर्स ने मुझे वर्ल्ड कप से पहले ही सर्जरी कराने की सलाह दी थी, लेकिन इतने अहम टूर्नामेंट से पहले सर्जरी कराना मतलब टूर्नामेंट नहीं खेल पाना। मैंने सर्जरी टाली और टूर्नामेंट खेला। सर्जरी के बाद अब मुझे अच्छा लग रहा है। रिकवरी बहुत धीरे-धीरे हुई, लेकिन अब मेरा फोकस फील्ड पर वापसी कर अपने देश को खुशी पहुंचाना है। वापसी के बाद फॉर्म वापस पाना भी एक चुनौती रहेगी।

### टी-20 वर्ल्ड कप तक सभी मैच जरूरी

राशिद ने कहा, टी-20 वर्ल्ड कप से पहले तक सभी मैच खेलना जरूरी है। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज से भी हम टूर्नामेंट के लिए तैयारी कर रहे हैं। टीम का फोकस बड़े इवेंट के लिए पूरी तरह तैयार रहने पर है। अगले 2 महीने टीम के रूप में हमारे लिए बेहद जरूरी हैं। टूर्नामेंट से पहले आयरलैंड के खिलाफ ही हम आखिरी मुकाबले खेलेंगे। मुझे आईपीएल में भी खेलने का फायदा मिलेगा। अच्छी बात यह है कि टीम के ज्यादातर खिलाड़ी आईपीएल खेलेंगे, इसलिए उनकी भी तैयार होगी। जो खिलाड़ी टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं, उनसे भी हम लगातार बात करते रहेंगे।

### आयरलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे आज

अफगानिस्तान की टीम इस वक्त आयरलैंड के खिलाफ तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेल रही है। एकमात्र टेस्ट आयरलैंड ने जीता। वनडे सीरीज का पहला मुकाबला अफगानिस्तान के नाम रहा। वहीं दूसरा मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा हो गया। तीसरा वनडे आज शारजाह में भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे से खेला जाएगा। टी-20 सीरीज के 3 मुकाबले 15, 17 और 18 मार्च को खेले जाएंगे।

### आईपीएल भी खेलेंगे राशिद

इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी के साथ राशिद के आईपीएल में शामिल होने के दरवाजे भी खुल गए। राशिद टूर्नामेंट में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा हैं। उनकी टीम 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुई और पहले ही सीजन में चैंपियन बनी। 2023 में भी टीम ने फाइनल में जगह बनाई, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ गया। गुजरात ने शुरुआती 2 सीजन हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खेले। अब हार्दिक मुंबई इंडियंस में पहुंच चुके हैं। इसलिए गुजरात की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे। राशिद खान दोनों सीजन टीम के उप कप्तान रहे, वह इस बार भी गुजरात के उप कप्तान रहेंगे।

